दिन–शनिवार दिनांक– 14 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मृतकों की संख्या दो सौ चौवन हो गई है। विमान में कुल दो सौ बयालीस लोग सवार थे, जिनमें भारत के एक सौ उनहत्तर, ब्रिटेन के तिरेपन, पुर्तगाल के सात और कनाडा का एक नागरिक था। विमान में चालक दल के बारह सदस्य भी थे। दुर्घटना में भारतीय मूल का केवल एक ब्रिटिश नागरिक ही जीवित बच पाया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के गुजरात प्रदेश अध्यक्ष मेहुल शाह ने चार मेडिकल छात्रों और एक डॉक्टर की पत्नी की मौत की पुष्टि की है। दुर्घटना में आस पास के रिहायशी क्षेत्रों के आठ शवों की पहचान कर ली गई है और शव उनके परिजनों को सौंप दिये गये हैं। वर्तमान में, सिविल अस्पताल में इकतीस लोगों का इलाज चल रहा है। इधर, दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए उच्च स्तरीय जांच जारी है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की टीम ने दुर्घटना स्थल से विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया है। अधिकारियों ने कहा है कि विस्तृत जांच के बाद दुर्घटना के कारणों का पता लग पायेगा।

————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत के रूख को वैश्विक समर्थन मिला है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर विभिन्न देशों के दौरे पर गए प्रतिनिधिमंडलों ने भारत के रूख को विश्व समुदाय के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि सभी देशों ने एकजुट होकर आतंकवाद का विरोध किया और भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की। श्री प्रसाद ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के रिश्तों के बीच तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं होगी।

————————————————

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित नीट–यूजी का परिणाम जारी कर दिया है। राजस्थान के हनुमानगढ़ के महेश केसवानी

टॉपर बने हैं। वहीं, इंदौर के उत्कर्ष अवधिया को दूसरा स्थान हासिल हुआ है। परीक्षा का आयोजन चार मई को हुआ था।

———————————————————————

प्रदेश में भीषण गर्मी के चलते आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई जगहों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है। बयालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी लगातार दूसरे दिन प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आज गोपालगंज, सुपौल, अररिया, पूर्णिया और पटना में गर्म और आर्द्र दिवस की स्थिति बनी हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज राज्य के उत्तरी, पूर्वी और दक्षिण–पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

———————————————————————

आज विश्व रक्तदाता दिवस है। रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने और रक्तदाताओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष चौदह जून को यह दिवस मनाया जाता है। मानव शरीर में ब्लड ग्रुप की खोज करने वाले प्रतिरक्षा वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टीनर की जयंती पर उनके सम्मान में यह दिन मनाया जाता है। इस वर्ष रक्तदाता दिवस की थीम है – **रक्त दें, उम्मीद दें।** इस अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से तेरह जुलाई तक सभी सरकारी अस्पतालों में जागरूकता कार्यक्रम और स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किये जायेंगे।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र के मीनापुर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक साइबर ठग गिरोह के सरगना अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया है। उसके घर से पंद्रह लाख रूपये, अलग–अलग बैंकों के तेरह एटीएम कार्ड और आठ पासबुक समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये गए।

———————————————————————

नालंदा जिले के हिलासा थाना क्षेत्र अंतर्गत चिकसौरा में पुलिस ने छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्‌भेदन किया है। मौके से भारी मात्रा में निर्मित–अर्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरण के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।